>

Title: Need to start direct train services from Sagar to Nagpur City.

श्री राजबहादुर सिंह (सागर): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे महत्वपूर्ण विषय पर सदन में चर्चा करने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान सागर में रेल सेवा की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। सागर से नागपुर जाने के लिए ट्रेन की आवश्यकता है। वर्तमान में सागर से सीधे नागपुर की ओर जाने के लिए अभी कोई ट्रेन नहीं है।

नागपुर मेडिकल सुविधाओं के लिए हब के रूप में जाना जाता है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि सागर से सीधी नागपुर के लिए कोई ट्रेन चलाई जाए।

माननीय अध्यक्ष: श्री उदय प्रताप सिंह को श्री राजबहादुर सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।